# पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ

अध्यक्ष, छात्र कल्याण

बिहार- 854301 Email ID :- dsw@purneau.ac.in


पत्रांकः—PUP/ DSW/ 119 /26 दिनांकः- 31.08.2026

## Rectify (SPOT ROUND) में नामांकन की अधिसूचना

**विषय : चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम (UG) सत्र 2026–2030 में रिक्त सीटों के विरुद्ध अंतिम राउंड (SPOT ROUND) में नामांकन के संबंध में।**

पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ के अंगीभूत एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के सत्र 2026–2030 में पूर्व में प्रकाशित मेधा सूचियों के आधार पर नामांकन प्रक्रिया संपन्न होने के उपरांत उपलब्ध रिक्त सीटों के विरुद्ध अंतिम राउंड (SPOT ROUND) में नामांकन की प्रक्रिया आयोजित की जाएगी।

**स्पॉट राउंड में नामांकन हेतु निम्नलिखित तीन श्रेणी के अभ्यर्थी दावेदार होंगे—**

1. ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने पूर्व में ऑनलाइन आवेदन किया है, परंतु उनका चयन किसी भी मेधा सूची में नहीं हुआ है।
2. ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने पूर्व में ऑनलाइन आवेदन किया है तथा किसी मेधा सूची में चयनित होने के बावजूद नामांकन नहीं लिया है।
3. ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने सत्र 2026–2030 में नामांकन हेतु पूर्व में ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया में भाग नहीं लिया है।

**स्पॉट राउंड हेतु नियम एवं प्रक्रिया**

1. स्पॉट राउंड में नामांकन हेतु इच्छुक सभी अभ्यर्थियों को रिक्त सीटों के विरुद्ध ऑनलाइन आवेदन करना होगा। अभ्यर्थियों का चयन संबंधित रिक्त सीटों पर मेधा के आधार पर किया जाएगा।
2. स्पॉट राउंड में सभी रिक्त सीटों पर चयन एवं नामांकन UR (Unreserved) Category के अंतर्गत किया जाएगा।
3. उपर्युक्त श्रेणी-1 एवं श्रेणी-2 के अभ्यर्थियों को अपने पूर्व में पंजीकृत ई-मेल आईडी के माध्यम से पुनः लॉगिन कर अपने आवेदन पत्र को अपडेट करना होगा। ऐसे अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र अपडेट करने हेतु कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं होगा।
4. श्रेणी-1 एवं श्रेणी-2 के अभ्यर्थी आवेदन करते समय सर्वप्रथम केवल एक कार्यक्रम/विषय का चयन करेंगे तथा चयनित कार्यक्रम/विषय के लिए उपलब्ध विकल्पों में से केवल एक महाविद्यालय का चयन कर सकेंगे।
5. उपर्युक्त श्रेणी-3, अर्थात् ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने पूर्व में ऑनलाइन आवेदन नहीं किया है, उन्हें स्पॉट राउंड में भाग लेने के लिए नया ऑनलाइन आवेदन करना होगा तथा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित आवेदन शुल्क का भुगतान करना अनिवार्य होगा।
6. अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन प्राप्त होने के उपरांत रिक्त सीटों के विरुद्ध मेधा विषयवार/ महाविद्यालयवार सूची तैयार की जाएगी तथा चयन पूर्णतः मेधा के आधार पर किया जाएगा।
7. संबंधित महाविद्यालयों के पोर्टल पर केवल उन्हीं अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र प्रदर्शित होंगे, जिनका चयन संबंधित कार्यक्रम/विषय एवं महाविद्यालय में उपलब्ध रिक्त सीटों के विरुद्ध मेधा के आधार पर किया गया होगा।
8. महाविद्यालय द्वारा केवल चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन कर नियमानुसार नामांकन की कार्रवाई की जाएगी।

बिहार- 854301 Email ID :- dsw@purneau.ac.in

9. अभ्यर्थियों का चयन एवं नामांकन संबंधित कार्यक्रम/विषय में उपलब्ध रिक्त सीटों, अभ्यर्थी की पात्रता, मेधा तथा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं के अनुसार किया जाएगा।

यह स्पॉट राउंड नामांकन का अंतिम अवसर होगा। अतः सभी इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि एवं समय-सीमा के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन/आवेदन पत्र अद्यतन कर नामांकन प्रक्रिया में भाग लेना सुनिश्चित करें।

स्पॉट राउंड का विस्तृत कार्यक्रम, रिक्त सीटों की सूची तथा ऑनलाइन आवेदन से संबंधित अन्य आवश्यक दिशा-निर्देश विश्वविद्यालय द्वारा पृथक रूप से प्रकाशित किए जाएंगे।

नोटः-

1. सभी संबंधित विद्यार्थियों को निर्देश दिया जाता है कि ऑनलाइन स्पॉट राउंड के अंतर्गत विषय एवं महाविद्यालय का चयन करने से पूर्व, विश्वविद्यालय द्वारा जारी रिक्त सीटों की सूची (Vacant Seat Matrix) का ध्यानपूर्वक अवलोकन अवश्य कर लें। यह स्पॉट राउंड एडमिशन की अंतिम प्रक्रिया है। बिना रिक्त सूची की जांच किए गलत विकल्प चुनने पर सीट आवंटित न होने की पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं विद्यार्थी की होगी।
2. आवेदन करने की तिथि 31.08.2026 से 02.09.2026 तक निर्धारित है।

माननीय कुलपति के आदेश से,

31.8.26

अध्यक्ष, छात्र कल्याण

पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ